Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Nadurbar-Taloda four laning project.

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत (नन्दुरबार): अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण विषय को उठाने का मौका दिया । मेरे संसदीय क्षेत्र में नेशनल हाईवे 753 'बी', जो कि सेवालि, नन्दुरबार, तलोदा, अंकलेश्वर को जाती है और यह हाईवे मेरे क्षेत्र से होकर गुजरती है । जब यह हाईवे सैंकशन हुआ और इसका डी.पी.आर. बनाने का काम शुरू हुआ, तब इस हाईवे पर पैसेन्जर कार यूनिट (पीसीयू) इंडेक्स बहुत कम था और इसके कारण इसकी फोर-लेनिंग का प्रोपोजल नहीं बना और थोड़े कम विड्थ का नेशनल हाईवे सैंक्शन हुआ । इसके डीपीआर बनने के कुछ महीने बाद तापी नदी पर हथोडा गांव के पास एक बहुत बड़ा ब्रिज बना, जिसके बाद इस रोड पर ट्रैफिक बढ़ गया है और इसका पीसीयू इंडेक्स 18,000 से ज्यादा हो गया है ।

महोदय, मिनिस्ट्री ने नेशनल हाईवे को फोर-लेनिंग करने के लिए जो गाइडलाइन्स तय की है, उसके अनुसार अभी यह फोर-लेनिंग के लिए हो सकता है । इस हाईवे पर रोज दो से तीन बड़े एक्सीडेंट्स होते हैं । आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मैं यह माँग करती हूं कि नन्दुरबार और तलोदा का जो स्ट्रेच है, इसकी फोर-लेनिंग सैंक्शन हो और इस पर जल्द से जल्द काम शुरू हो ।